श्री बंशीधर नगर, शनिवार
26.09.2026
भाद्रपद शुक्लपक्ष पूर्णिमा संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 35

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
अफसर मर्यादा में रहें, बुद्धि से कार्य करें : डीआईजी >> पेज 03 | कोमल रानी के साथ अफेयर की खबरों पर भड़के गोविंदा >> पेज 05

**सुविचार**

आमतौर पर आदमी उन चीजों के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता है जिनका उससे कोई लेना देना नहीं होता।
- जार्ज बर्नार्ड शॉ

**न्यूज अपडेट्स**


### पारा शिक्षकों को हाई कोर्ट से राहत, बर्खास्तगी का आदेश रद्द

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक प्रमाण पत्र सही नहीं होने के आधार पर पूर्वी सिंहभूम के पारा शिक्षकों को नौकरी से हटाने के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने प्रार्थियों को अप्रैल 2025 से बकाया मानदेय का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। मामले में मेरी मुर्मू एवं अन्य की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रखा था। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार ने पक्ष रखा। दरअसल, इलाहाबाद और देवघर के कुछ गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों से मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले पारा शिक्षकों की शैक्षणिक अर्हता को लेकर मामला सामने आया था। इनमें इंटर प्रयाग महिला विद्यापीठ, इलाहाबाद, हिंदी महिला विद्यापीठ, इलाहाबाद और हिंदी विद्यापीठ, देवघर आदि संस्थानों के प्रमाण पत्र शामिल थे। इन प्रमाण पत्रों के आधार पर कार्यरत कक्षा पहली से पांचवीं और कक्षा छठी से आठवीं के पारा शिक्षकों की शैक्षणिक अर्हता को सही नहीं बताते हुए उनके कार्य पर रोक लगाने और मानदेय बंद करने के संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सात नवंबर 2025 को पत्र जारी किया था। इस पत्र के आलोक में राज्य के विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षकों ने ब्लॉक विस्तार अधिकारी, नगर संसाधन केंद्र और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया था।

**बारिश का असर** ▶ बंगाल की खाड़ी से बने गहरे दबाव का झारखंड में असर

# झारखंड में बाढ़ जैसे हालात, आज भी कई जिलों में बारिश का अलर्ट

रांची: बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया का असर झारखंड के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है। झारखंड के कई जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी है। राजधानी रांची में शुक्रवार सुबह से ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 26 सितंबर को झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश के साथ गरज, वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी जारी की गई है।



### सात जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में बने गहरे निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड के कई जिलों में बादल छाये रहे और रुक-रुक कर बारिश हुई। रांची में नौ मिमी बारिश दर्ज की गयी। राज्य में सबसे अधिक 43.5 मिमी बारिश बहरागोड़ा में हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 25 सितंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग और लातेहार में भारी बारिश हुई। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया था। वहीं, रांची समेत अन्य जिलों में दिनभर तेज बारिश होती रही। दिनभर काले बादल छाये रहे, लगातार बारिश होती रही और तेज हवा चलती रही। लगातार बारिश से रांची में जल जमाव हो गया। राजधानी में कई जगह पेड़ गिरे और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। रांची नगर निगम ने 24 जगहों से गिरे पेड़ों को हटाया है।

### अब भी सामान्य से 05 प्रतिशत कम बारिश

झारखंड में अभी भी सामान्य से पांच प्रतिशत कम बारिश हुई है। झारखंड में एक जून से 24 सितंबर तक सामान्य रूप से 984.7 मिमी बारिश होती है, लेकिन अब तक 935.7 मिमी ही बारिश हुई है। वहीं, रांची में इस अवधि में सामान्य बारिश 1003.2 मिमी है, जबकि अब तक यहां 1127 मिमी बारिश हो चुकी है। यानी 12 प्रतिशत अधिक बारिश हो गयी है। वहीं, पश्चिमी सिंहभूम में सामान्य से 43 प्रतिशत, सरायकेला में 17, लोहरदगा में तीन, लातेहार में 13 और पूर्वी सिंहभूम में सात प्रतिशत अधिक बारिश हो गयी है। पाकुड़, चतरा, देवघर, गुमला, साहिबगंज, पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, कोडरमा में अभी भी सामान्य से कम बारिश हुई है।

### धनबाद में सबसे अधिक 128.6 मिमी वर्षा दर्ज


बंगाल की खाड़ी से बने गहरे दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड में देखने को मिला। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 128.6 मिलीमीटर बारिश धनबाद के बाघमारा में दर्ज की गई। राजधानी रांची में भी बारिश का असर रहा।रांची एयरो में 52.6 मिमी, जबकि बीएयू कांके में 102.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा नंदीह में 123.6, पुटकी सीडब्ल्यूसी में 118.4, पालगंज में 105, कुकुर में 98.6 और निमडीह में 97.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

### 26 सितंबर को भी बारिश के आसार

शुक्रवार को राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं शनिवार को भी राज्य के अनेक हिस्सों में बारिश और मेघ गर्जन की संभावना बनी रहेगी। वहीं अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। 27 और 28 सितंबर को भी राज्य में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश या मेघ गर्जन होने की संभावना जताई गई है।

## उफनाई स्वर्णरेखा-खरकई, खतरे के निशान के पार पहुंची खरकई

जमशेदपुर। पिछले दो दिनों से जारी मूसलधार बारिश के कारण जमशेदपुर की स्वर्णरेखा और खरकई नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह खरकई नदी आदित्यपुर पुल के समीप खतरे के निशान 129.00 मीटर को पार कर 129.12 मीटर पर पहुंच गई। वहीं, मानगो पुल के पास स्वर्णरेखा का जलस्तर 120.40 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 121.50 मीटर से महज 1.10 मीटर नीचे है। दोनों नदियों के बढ़ते जलस्तर के बीच निचले और तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। लगातार बारिश के साथ चांडिल डैम, गालूडीह बराज और गांजिया बराज में पानी का दबाव बढ़ने के बाद इनके गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। चांडिल डैम के जलस्तर में वृद्धि के बाद पहले आठ और बाद में नौ गेट खोले जाने की जानकारी सामने आई है। डैम का जलस्तर करीब 181 मीटर पहुंचने के बाद पानी की निकासी बढ़ाई गई। वहीं, गालूडीह बराज का जलस्तर 92 मीटर पहुंचने पर सात गेट खोले गए हैं। खरकई नदी पर बने गांजिया बराज के सभी पांच गेट खोल दिए गए हैं। जलाशयों और बराजों से पानी छोड़े जाने का असर आने वाले घंटों में नदियों के जलस्तर पर पड़ सकता है। स्थिति को देखते हुए सुवर्णरेखा परियोजना के मुख्य अभियंता, फ्लड सेल की ओर से पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां के अलावा पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा के आपदा प्रबंधन अधिकारियों को भी सतर्क किया गया है। फ्लड कंट्रोल सेल दोनों प्रमुख नदियों के जलस्तर और जल प्रवाह पर लगातार नजर रख रहा है। खरकई के खतरे के निशान को पार करने और स्वर्णरेखा के जलस्तर के तेजी से बढ़ने से बागबेड़ा, जुगसलाई, शास्त्रीनगर, कदमा, सोनारी, मानगो और सिदगोड़ा के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी किनारे बसे परिवारों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक रूप से नदी, घाट और जलभराव वाले क्षेत्रों में नहीं जाने तथा तेज बहाव वाले पानी को पार नहीं करने की अपील की है।



### भारी बारिश के अलर्ट के बीच रांची में शनिवार को सभी स्कूल रहेंगे बंद

रांची। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने शनिवार को रांची जिले के सभी स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किया है। आदेश के तहत सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों में केजी से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई बंद रहेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, झारखंड, रांची की ओर से जारी विशेष बुलेटिन में जिले में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। रांची को येलो अलर्ट में रखा गया है। स्कूल बंद रहने के बावजूद सरकारी स्कूलों के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को ई-विद्यावाहिनी में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी और निर्धारित गैर-शैक्षणिक कार्य पूरे करने होंगे। किसी स्कूल में पहले से कोई अनिवार्य परीक्षा निर्धारित है तो उसके आयोजन के संबंध में प्रधानाध्यापक अपने स्तर से निर्णय ले सकेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूल या संस्थान के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

## एमएमसीएच के आसपास स्वास्थ्य संस्थानों पर डीसी की सख्ती

# औचक जांच में संदिग्ध आधा दर्जन स्वास्थ्य संस्थानें सील

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को एमएमसीएच के आसपास विभिन्न जांच घरों, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट, फामेसी एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान मेडिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने वाले आधा दर्जन संस्थानों को मौके पर ही सील कर दिया गया। सील किए गए संस्थानों में न्यू पम्मी हेल्थ क्लीनिक, रानी मेडिकल, पाटलिपुत्र जांच घर, जे शरण जांच घर एवं स्कैनिंग, एमएसडी लैब और अपोलो डायग्नोस्टिक शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान संस्थानों के लाइसेंस, पंजीकरण, चिकित्सकों की उपलब्धता, जांच व्यवस्था और अन्य आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। कुछ स्थानों पर जांच के लिए जारी पर्ची पर किसी अन्य चिकित्सक का नाम अंकित था, जबकि जांच दूसरे चिकित्सक द्वारा किए जाने की बात सामने आई। डीसी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, कुछ दवा दुकानों में आवश्यक फार्मासिस्ट की उपलब्धता भी नहीं पाई गई। डीसी ने दवा दुकानों के लाइसेंस, उनकी वैधता, फार्मासिस्ट की योग्यता एवं उपस्थिति समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान एमएमसीएच परिसर में अवैध रूप से जांच घर संचालित कर रहा एक व्यक्ति प्रशासनिक टीम को देखते ही शटर गिराकर मौके से फरार हो गया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों में भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट के तहत संचालित ओपीडी केंद्रों की भी जांच की। डीसी ने मरीजों की सुविधा के लिए प्रत्येक पंजीकृत ओपीडी केंद्र पर संबंधित चिकित्सक की उपलब्धता और ओपीडी का निर्धारित समय स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने की हिदायत दी। उन्होंने सीएस को जिले के सभी पंजीकृत क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट और डायग्नोस्टिक सेंटरों की सूची तैयार कर संदिग्ध एवं अनियमितता की संभावना वाले संस्थानों की विस्तृत जांच कराने का निर्देश दिया। साथ ही यह सत्यापित करने को कहा कि निजी संस्थानों में नाम से पंजीकृत चिकित्सक सदर अस्पताल या एमएमसीएच में भी कार्यरत हैं या नहीं और निजी संस्थानों में उनकी वास्तविक उपलब्धता कितनी है। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता, सीएस डॉ. अनिल सहित स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# नमामि भारतम् में उमड़ा राष्ट्रप्रेम, सामूहिक वन्दे मातरम गायन ने बांधा समां




बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से शुक्रवार को यहां सरस्वती विद्या मंदिर में वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती के मौके पर नमामि भारतम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कृष्ण मिस्त्री, जिला संघचालक काशी महतो, विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, सहसचिव चंदन कुमार व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम व मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में विद्या मंदिर की आचार्य टीम के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से वन्दे मातरम् का गायन ठीक 11 बजे हुआ। विद्यालय में भैया-बहनों, आचार्यों एवं उपस्थित अभिभावकों ने एक साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण मिस्त्री ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुये राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत केवल गायन का विषय नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, समर्पण व गौरव की भावना को जागृत करने का माध्यम है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि वन्दे मातरम् कार्यक्रम में अपने विद्यालय के साथ क्षेत्र के आठ विद्यालयों का चयन किया गया। जिनमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आरके पब्लिक स्कूल अधौरा, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, प्लस टू हाईस्कूल, गर्ल्स हाईस्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पीपरडीह तथा हाईस्कूल चितविश्राम के नाम शामिल हैं। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से सामूहिक वन्दे मातरम् गायन कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, बच्चे एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के आभूषण बरामद, एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी के सोने-चांदी के आभूषण के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के जारंगडीह निवासी 22 वर्षीय हरिशंकर पासी उर्फ हरिशंकर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी हंसे उरांव ने बताया कि 24 सितंबर की देर रात वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर रांची-पुरुलिया मेन रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। रांची की ओर से एक स्कूटी पर दो युवक आते दिखाई दिए। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही स्कूटी चालक स्कूटी मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर स्कूटी चालक को पकड़ लिया, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए युवक से स्कूटी के कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। तलाशी लेने पर जेब से सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने कथित तौर पर बताया कि 22 सितंबर की रात रिंग रोड किनारे गोदलीपोखर और टाटीसिलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बंद घरों का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए गए थे।

## मौसम झारखंड में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# कई इलाकों में जलजमाव, 26 व 27 का येलो अलर्ट

**रांची।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बने अती निम्न दबाव के कारण पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से पूरा झारखंड पानी पानी हो गया है। शुक्रवार को भी दिनभर बारिश होती रही। इससे राज्य की कई नदियां, नाले, डैम एवं वाटरफॉल उफान पर है, जबकि राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न शहरों के कई मुहल्लों में बारिश का पानी घर में घुस गया।



रांची के पंडरा, हरमू, अरगोड़ा, कोकर, हिनू, धुर्वा, अशोकनगर, अपर बाजार सहित विभिन्न इलाकों में सड़कों पर भारी जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। साथ ही कई घरों में बारिश का पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण रांची के कोकर और डोरंडा सहित कई इलाकों में सड़क पर पेड़ गिर गए। इससे यातायात बाधित हो गया। वहीं बारिश के कारण रांची के अधिकांश इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई रही।

मौसम विभाग ने 26 और 27 सितंबर तक गर्जन के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 28 सितंबर से बारिश से राहत की संभावना जताई है।

विभाग के अनुसार, दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे सटे दक्षिण के अंदरूनी ओडिशा के ऊपर बना अति निम्न दबाव पिछले 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। यह सुबह तक रायपुर (छत्तीसगढ़) से लगभग 70 किमी पूर्व, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से 90 किमी दक्षिण, चंपा (छत्तीसगढ़) से 90 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम और पेंड्रा रोड (छत्तीसगढ़) से 170 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते रहने और आनेवाले समय में अति निम्न दबाव की तीव्रता बनाए रहने की काफी संभावना है। इसके बाद के 12 घंटों में इसके कमजोर होकर 'वेल-मार्क्ड लो प्रेशर एरिया' (स्पष्ट रूप से चिह्नित कम दबाव वाले क्षेत्र) में बदलने की उम्मीद है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सरायकेला में 94.5 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं इस दौरान रांची में 41 मिमी बारिश दर्ज की गई।

शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 28.8 और न्यूनतम 24.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.1 डिग्री और न्यूनतम 23.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## तेज आंधी-बारिश के बीच स्कूल बस पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे बच्चे

**रांची।** रांची में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बारिश और शुक्रवार को सुबह से चल रही आंधी के कारण जनजीवन प्रभावित है। शुक्रवार सुबह डोरंडा थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी के पास बड़ा हादसा टल गया। बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस पर अचानक पेड़ गिर गया। हादसे में बस का अगला हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन चालक की सूझबूझ से बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित बच गए। डोरंडा के एजी मोड़ के पास तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी के अनुसार, तेज बारिश और हवा के बीच स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे लगा एक बड़ा पेड़ अचानक बस पर गिर गया। पेड़ को गिरता देख चालक ने तत्काल ब्रेक लगाकर बस रोक दी। इससे बस में सवार बच्चों को चोट नहीं आई। घटना की सूचना डोरंडा थाना पुलिस और रांची नगर निगम को दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम



जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। इसके बाद रास्ता साफ कर बस को आगे रवाना किया गया। कुछ देर तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में आवागमन सामान्य हो गया। डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बस में सवार सभी बच्चे और चालक सुरक्षित हैं। लगातार बारिश और तेज आंधी से शहर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, जिसके कारण बच्चों को खराब मौसम के बावजूद स्कूल जाना पड़ रहा है। बारिश के कारण कई बच्चों के जूते और स्कूल ड्रेस भी भीगकर गंदे हो गए। स्कूल प्रबंधन ने बस चालकों को खराब मौसम में विशेष सावधानी बरतते हुए वाहन चलाने का निर्देश दिया है।

## हाई कोर्ट से झारखंड आर्म्ड पुलिस के कर्मचारियों को बकाया वेतन और सेवा लाभ देने का आदेश




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड सशस्त्र पुलिस में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर नियुक्त दिकेश कुमार एवं अन्य को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को नियुक्ति रद्द होने से पुनः सेवा में बहाल किए जाने तक की अवधि का पूर्ण बकाया वेतन और सभी परिणामी सेवा लाभ देने का निर्देश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश का अनुपालन आठ सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने को कहा है। दरअसल, यह मामला वर्ष 2016 में झारखंड सशस्त्र पुलिस में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के पद पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। नियुक्ति के कुछ समय बाद चयन परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायतें और समाचार सामने आए थे। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पूरी चयन प्रक्रिया को निरस्त कर नियुक्त कर्मचारियों की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई थीं। इसके खिलाफ दिकेश कुमार एवं अन्य ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मामलों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को निरस्त करने संबंधी आदेश को रद्द कर दिया और याचिकाकताओं को परिणामी सेवा लाभ पाने का हकदार माना था। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने सभी याचिकाकताओं को पुनः सेवा में बहाल कर दिया। हालांकि, इसके बाद राज्य सरकार ने आदेश जारी कर यह निर्णय लिया कि सेवा से बाहर रहने की अवधि का वेतन काम नहीं, तो वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर देय नहीं होगा। राज्य सरकार के इस निर्णय को दिकेश कुमार एवं अन्य ने फिर उच्च न्यायालय में चुनौती दी। याचिकाकताओं की ओर से दलील दी गई कि पूर्व में अदालत ने नियुक्तियां निरस्त करने वाले आदेश को रद्द करते हुए उन्हें स्पष्ट रूप से परिणामी सेवा लाभ का हकदार माना था। इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने कोई अपील दाखिल नहीं की। ऐसे में आदेश अंतिम हो चुका है और राज्य सरकार केवल पुनर्बहाली का लाभ देकर बकाया वेतन एवं अन्य परिणामी सेवा लाभ से उन्हें वंचित नहीं कर सकती। याचिकाकताओं ने यह भी तर्क दिया कि सेवा से बाहर रहने की अवधि उनके किसी स्वैच्छिक कृत्य के कारण नहीं थी, बल्कि राज्य सरकार की ओर से नियुक्तियां निरस्त किए जाने के कारण वे सेवा से बाहर रहे। बाद में अदालत ने नियुक्ति समाप्त करने संबंधी आदेश को ही रद्द कर दिया। ऐसे में उन्हें उस अवधि के वेतन और अन्य परिणामी सेवा लाभ से वंचित करना उचित नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने याचिकाकताओं के पक्ष में निर्णय देते हुए नियुक्ति रद्द किए जाने से पुनर्बहाली तक की अवधि का पूर्ण बकाया वेतन और सभी परिणामी सेवा लाभ देने का निर्देश दिया। राज्य सरकार को आठ सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## झारखंड में भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती, अंत्योदय का संकल्प दोहराया

# दीनदयाल का जीवन सेवा व त्याग भाव से भरा रहा : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड प्रदेश इकाई ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय और पंडित दीनदयाल नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर पार्टी नेताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर आदित्य साहू और बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लिए हमेशा समर्पित रहे। वे हमेशा विकास के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के विकास और उन्नति के लिए प्रयासरत रहे। हम सब को आज खुशी है कि आज



देश की बागडोर नरेन्द्र मोदी जैसे एक ऐसी शख्सियत के हाथों में है जो उनके विचारों को साकार कर रहे हैं और उन्हें धरातल पर उतार रहे हैं। आदित्य साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज गरीबों के आंसू को पोंछने का काम कर रहे हैं। आज उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ विकास के अंतिम पायदान पर बैठे गरीब, शोषित वंचित वर्ग के लोगों तक पहुंच रहा है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम के आदर्शों एवं उच्च नैतिक मूल्यों का हमेशा पालन करने वाले व्यक्ति दीनदयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और सेवा भाव से भरा रहा। वे अंत्योदय के प्रणेता, वसुधैव कुटुम्बकम तथा एकात्म मानववाद का मंत्र देने वाले एक महान विचारक थे। उनके समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का संकल्प हमें जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के पथ पर सदैव प्रेरित करता रहेगा। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे। बचपन में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने के बावजूद वे कभी रुके नहीं, थके नहीं और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का लोहा पूरे देश को मनवाया। 1937 में वे संघ से जुड़कर अपने जीवन को माँ भारती के चरणों में समर्पित कर दिया। राष्ट्रधर्म और पांचजन्य जैसी पत्रिका की शुरूआत कर लोगों में राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया। वे हमेशा जातिवाद की संकुचित मानसिकता से परे रहे। ऐसे महापुरुष की आज जयंती है और आज के दिन उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, महामंत्री गणेश मिश्रा, मनोज सिंह, अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, अमरदीप यादव, सुनीता सिंह, शालिनी बैसिखियार, कार्यालय मंत्री हेमन्त दास, मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, उपमेयर नीरज कुमार, वरुण साहू, सुनील साहू, निशि जायसवाल, अमरनाथ चौधरी, राजेन्द्र शाही मुंडा, रोमित नारायण, राकेश चौधरी सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुम मोबाइल बरामद कर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाना पुलिस की प्राथमिकता: कपिल चौधरी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए 97 मोबाइल फोन बरामद कर शुक्रवार को उनके वास्तविक धारकों को सौंपा। एसपी में आयोजित कार्यक्रम में एसपी कपिल चौधरी ने सत्यापन के बाद मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 97 गुम मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस का प्रयास है कि गुम हुए मोबाइल को तकनीकी माध्यमों की मदद से खोजकर उनके वास्तविक धारकों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान लगातार जारी रहेगा। कई मोबाइल दूसरे राज्यों से भी बरामद कर पलामू लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटना पुलिस के लिए संतोष की बात है। मोबाइल की बरामदगी में सीईआईआर पोर्टल, तकनीकी विश्लेषण और पुलिस की लगातार निगरानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बरामद मोबाइलों में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के 15, टाउन थाना के 10, नावाजयपुर के 11, छतरपुर के 9, पिपरा के 9 और रेहला थाना क्षेत्र के आठ मोबाइल शामिल हैं। कुछ मोबाइल छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों से भी बरामद किए गए। पिपरा थाना क्षेत्र निवासी बसंत साव का मोबाइल करीब तीन माह पहले बाजार जाते समय गुम हो गया था। मोबाइल वापस मिलने पर उन्होंने पुलिस के प्रति आभार जताया।

## न्यूज अडेट्स

### सड़क दुर्घटना में महेन्द्र चन्द्रवंशी का निधन

**श्री बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के गरबांध गांव निवासी महेन्द्र चन्द्रवंशी का निधन हैदराबाद में हुई सड़क दुर्घटना में हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

### ट्रैक्टर के धक्के से अधेड़ की मौत

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-विशुनपुरा मुख्य पथ पर शुक्रवार को भोजपुर गांव में ट्रैक्टर के धक्के से भोजपुर गांव निवासी 62 वर्षीय हरि पासवान की मौत हो गई। हरि पासवान सड़क किनारे खड़े होकर किसी से बात कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर के ट्राली से उन्हें धक्का लगा और वे वहीं गिर पड़े। तत्काल उन्हें इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। गढ़वा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही हरि पासवान की मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर का चालक एक बाईक को बचाने के दौरान कट मारा और ट्राली से हरि पासवान को धक्का लग गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम पसर गया है।

**गढ़वा** डीआईजी ने की समीक्षा, लंबित कांड निष्पादन का निर्देश

# अफसर मर्यादा में रहें, बुद्धि से कार्य करें : डीआईजी

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** डीआईजी कौशल किशोर ने शुक्रवार को गढ़वा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय का दौरा किया। उनके आगमन पर एसपी आशुतोष शेखर ने बुके देकर स्वागत किया। पुलिस केंद्र गढ़वा के परिचारी प्रवर सहित 12 जवान और दो हवलदार ने डीआईजी को सलामी दी। इसके बाद एसपी कार्यालय के सभागार में डीआईजी कौशल किशोर की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पॉक्सो एक्ट, आभूषण चोरी व छिनतई, एससी-एसटी से जुड़े लंबित कांड एवं मुआवजा, साइबर अपराध, मानव तस्करी समेत जिले में लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा थाना, पोस्ट एवं पिकेट के निरीक्षण, पुलिस सभा में लिये गये निर्णयों पर कार्रवाई तथा विभागीय कार्यवाही और जांच की स्थिति की भी जानकारी ली गई।मौके पर डीआईजी ने अधिकारियों को लंबित कांडों के निष्पादन और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने थाना स्तर पर बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर जोर देते हुये आम नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से संबंधित मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई, थानों में आम नागरिकों के लिये बेहतर व्यवस्था और जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाये रखने का निर्देश दिया। पुलिस की गरिमा बनाये रखने के लिये अधिकारियों और जवानों को मयार्दा में रहकर बुद्धि-विवेक से कार्य करने की भी हिदायत दी गई। बैठक के दौरान डीआईजी ने जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुये कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिये सतर्कता और सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ तथा विभिन्न अंचलों के पुलिस निरीक्षक शामिल थे।

## वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पर छात्राओं ने एक स्वर में गाया राष्ट्रगीत

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** नमामि भारत कार्यक्रम के तहत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में छात्राओं ने एक समय, एक लय, एक स्वर अभियान के अंतर्गत सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं में खासा उत्साह और देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना के संस्कार स्कूल-कॉलेज स्तर से ही विकसित किए जाते हैं। युवाओं को देश के इतिहास को जानने, समझने और उससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने कहा कि जब यह गीत रचा गया, उस समय देश अंग्रेजी शासन के अधीन था और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकजुटता और समर्पण की भावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत का गौरव प्राप्त हुआ। मौके पर डॉ. ललिता भगत, डॉ. संगीता कुजूर, डॉ. दीपक पंडित, शशि कुमार, कल्पना कुमारी, विभा झा समेत महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

### आधार केंद्र खुलने पर झामुमो ने जताया आभार



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक में गढ़वा जिले में आधार सेवा केंद्र शुरू होने पर राज्य सरकार के प्रति आभार जताया गया। गढ़वा में आधार सेवा केंद्र शुरू करने की प्रक्रिया को लेकर केंद्र स्तर पर भी पहल की गई है।कार्यकताओं ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में आधार केंद्र खोलने का मामला उठाया था। सरकार की ओर से आश्वासन मिलने के बाद अब जिले में आधार सेवा केंद्र शुरू हुआ है। इससे लोगों को आधार नामांकन, संशोधन सहित अन्य कार्यों के लिये सुविधा मिलने की उम्मीद है। कार्यकताओं ने इसे आम लोगों के लिये उपयोगी कदम बताते हुये सरकार की सराहना की। बैठक में झामुमो कार्यकताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव–गांव तक पहुंचाने और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लिया। वहीं चुनाव आयोग (ईसीआई) को लेकर कार्यकताओं ने विरोध जताया। वक्ताओं ने आयोग पर विपक्षी दलों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये नारेबाजी की। ये आरोप बैठक में मौजूद झामुमो कार्यकताओं द्वारा लगाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेश्वर मेहता जबकि संचालन रामचंद्र राम ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, सरवन सिंह, अनुज चंद्रवंशी, मुन्ना प्रसाद, जसवंत पासवान, मुन्ना पासवान, नागेंद्र कुमार सिंह समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ज्ञान निकेतन में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं के साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, मुख्य अतिथि विपिन कुमार तिवारी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि राष्ट्रभावना, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन का आयोजन किया गया है। उन्होंने वंदे मातरम् को स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक अभिव्यक्ति बताते हुये कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों में राष्ट्रभावना को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विपिन कुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में भी वंदे मातरम् राष्ट्रीय एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिये नागरिकों में एकजुटता और जिम्मेदारी की भावना जरूरी है। मौके पर नोडल इंचार्ज दिनेश कुमार, नीरा शर्मा, वीरेंद्र शाह, संतोष प्रसाद, कृष्ण कुमार, चंदा कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, मधु कुमारी, वर्षा कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### थानेदार ने विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**कांडी :** थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक एवं यूनियन बैंक में सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और आपातकालीन अलार्म समेत कई अन्य सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने बैंक प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी निर्धारित मानकों का पालन करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक परिसर की सुरक्षा को लेकर आवश्यक सावधानियां बरतने पर भी जोर दिया।

**दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी में बोले सांसद विष्णु दयाल राम**

# अंत्योदय के लक्ष्य को साकार कर रही केंद्र सरकार

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही योजनाएं

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भाजपा पलामू जिला कार्यालय में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार आज भी समाज व राष्ट्र के विकास का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अंत्योदय के विचार को जमीन पर उतारने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्रसेवा का जरिया माना। उनका सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्रनिष्ठा और अंत्योदय का सिद्धांत भाजपा कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम के अंत में दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर श्याम नारायण दूबे, प्रेम सिंह, नरेंद्र पांडेय, विजयानंद पाठक, प्रभात कुमार, विजय ठाकुर, अजय सिंह, प्रियरंजन शर्मा, श्वेतांक गर्ग, रेनू देवी, सुजाता सिंह, लाला प्रसाद यादव, विजय कुशवाहा, मनोज विश्वकर्मा, सतीश पासवान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा के साथ पर्यूषण पर्व संपन्न



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर:** जैन समाज की ओर से दस दिवसीय पर्यूषण पर्व का समापन भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आदिश जी शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि आत्मा में रमण, इंद्रियों पर नियंत्रण और मानसिक एवं आध्यात्मिक शुद्धता प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की सिद्धि के लिए संयम और ब्रह्मचर्य का पालन आवश्यक है। प्रातः भगवान महावीर का प्रथम अभिषेक धर्मचंद, पदमचंद एवं पंकज कुमार पाटनी ने सपरिवार किया। शांतिधारा सुनील कुमार, गिरिश कुमार, किशोर कुमार, टांकेश कुमार एवं अमित कुमार रारा ने सपरिवार की। दस दिनों की पूजा के बाद दोपहर में भगवान महावीर को रथ में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथोत्सव में नरेश कुमार व अनिकेत कुमार छाबड़ा को सौधर्म इंद्र, किशोर कुमार, मौसम कुमार व राहुल कुमार रारा को सारथी तथा सुभाष कुमार, सुमित कुमार व सागर कुमार रारा को कुबेर बनने का सौभाग्य मिला। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर जैन मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों के सामने भगवान महावीर की आरती की। दस दिनों तक पूजा को संगीतमय बनाने के लिए बबिता जैन काला और धार्मिक संदेशों के प्रचार-प्रसार में सहयोग के लिए मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष सरस जैन, सचिव सागर जैन, उपाध्यक्ष पंकज पाटनी, सह सचिव अनिल काला, मीडिया प्रभारी रोहित विनायका, महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा रारा, सचिव पिंकी काशलीवाल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा की व्यवस्था जिनेंद्र भक्त मंडल ने संभाली। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज रूद्रानंद सरस, वार्ड कमिश्नर लाल बाबू व रौशन कुमार भी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### करमा पूजा विसर्जन हादसे में पांचवें बच्चे का शव बरामद

**मेदिनीनगर:** चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द में करमा पूजा के दौरान कोयल नदी में डूबे पांचवें बच्चे हेमंत कुमार का शव शुक्रवार को करीब 48 घंटे बाद गढ़वा जिले के बेलचंपा इलाके से बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। घटना से पतरिया खुर्द समेत आसपास के गांवों में मातम पसरा है। बुधवार को करम डाल विसर्जन के दौरान पांच युवक कोयल नदी की तेज धार में डूब गए थे। बताया गया कि एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में सभी नदी की गहराई में चले गए। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने खोजबीन शुरू की। चार युवकों के शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर के दायरे में बरामद कर लिए गए थे, जबकि हेमंत कुमार का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। पलामू जिला प्रशासन ने लापता बच्चे की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को लगाया था। गुरुवार से एनडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम नदी में लगातार तलाशी अभियान चला रही थी। शुक्रवार को गढ़वा के बेलचंपा क्षेत्र में नदी की धार से हेमंत कुमार का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।

## कांडी

### बीएसएफ में तैनात थे खरौंधा निवासी उमेश मिश्रा

# ब्रेन ट्यूमर से बीएसएफ के जवान का निधन

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** कांडी थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी एवं सीमा सुरक्षा बल में तैनात 55 वर्षीय जवान उमेश मिश्रा का गुरुवार की शाम में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों समेत पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को सुंडीपुर स्थित कोयल नदी के संगम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बीएसएफ के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी दी। परिजनों के अनुसार उमेश मिश्रा का दिसंबर 2024 से ब्रेन ट्यूमर का इलाज चल रहा था। सीएपीएफ कार्ड के माध्यम से दिल्ली के गुरुग्राम स्थित



पारस अस्पताल में उनका विभागीय इलाज कराया जा रहा था। इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर वे घर लौट आये थे। इसी बीच अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 21 सितंबर को रांची स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उमेश मिश्रा वर्ष 1990 में बीएसएफ में भर्ती हुये थे। वे बीएसएफ की 171 वीं बटालियन में सिलचर में तैनात रहे थे। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में थी। लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा बल में अपनी सेवाएं देते हुये देश की सुरक्षा में योगदान दिया। उनके निधन के बाद हजारीबाग हेडक्वार्टर से बीएसएफ जवानों की टीम उनके पैतृक आवास पहुंची। सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद सुंडीपुर स्थित कोयल नदी के संगम घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। घाट पर भी बीएसएफ जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन रहा और परिजनों तथा ग्रामीणों की आंखें नम थीं।

उमेश मिश्रा अपने पीछे पत्नी गीता मिश्रा (50 वर्ष), दो पुत्र राहुल मिश्रा (30 वर्ष) एवं रंजन मिश्रा (25 वर्ष) तथा पुत्री ममता मिश्रा (27 वर्ष) को छोड़ गये हैं। परिजनों के अनुसार उनके एक पुत्र और एक पुत्री का अभी विवाह नहीं हुआ है। जवान के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अंतिम विदाई के दौरान कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने दिवंगत उमेश मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## बीडीओ ने मध्य विद्यालय सरकोनी का किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** एसआईआर के तहत चल रही विसंगतियों और अन्य मामलों की सुनवाई के बीच बीडीओ राकेश सहाय ने शुक्रवार को सरकोनी मध्य विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने और भविष्य में ऊंचे पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने



कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये खेलकूद में भी समय देना जरूरी है। इस दौरान बीडीओ ने बच्चों की पढ़ने की क्षमता भी परखी। उन्होंने कक्षा की किताबों से कई बच्चों से रीडिंग कराई। कई बच्चों ने काफी अच्छी रीडिंग की। बच्चों की रीडिंग देखकर बीडीओ ने प्रसन्नता जताई और उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने उपस्थित शिक्षक से बच्चों के साथ और मेहनत करने तथा प्रत्येक बच्चे पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। विद्यालय में पदस्थापित एक अन्य शिक्षक गुरु गोष्ठी में शामिल होने के लिये प्रखंड मुख्यालय गये हुये थे। विद्यालय में मध्याह्न भोजन की स्थिति भी ठीक पाई गई। उपस्थित बच्चों ने भी भोजन की गुणवत्ता की तारीफ की। बीडीओ के विद्यालय पहुंचने से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिये लगातार मेहनत करने की सलाह दी।

## कल्याणपुर में न्याय रथ, मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी




**गढ़वा :** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के दिशा-निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर शुक्रवार को न्याय रथ/चलंत लोक अदालत पंचायत सचिवालय कल्याणपुर पहुंचा। न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क कानूनी सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका बताते हुये कहा कि समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक वाले लोगों को नि:शुल्क अधिवक्ता एवं लीगल एड की सुविधा मिलती है। वहीं अनुसूचित जाति-जनजाति, मानसिक रूप से दिव्यांग, महिला, बच्चे, जेल में बंद कैदी तथा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिये आय सीमा निर्धारित नहीं है। पीएलवी यशवंत मिश्रा और रमाशंकर चौबे ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मध्यस्थता के माध्यम से समाधान की जानकारी देते हुये मातृत्व वंदना योजना, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार योजना और सड़क व वाहन दुर्घटना मुआवजा सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। पीएलवी कल्पना देवी ने कहा कि वह गरीबों की सहायता के लिये सप्ताह में दो दिन पंचायत में उपलब्ध रहेंगी। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा, रौशन आरा, मुखिया अशोक चंद्रवंशी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर 1753 लोगों ने किया सामूहिक गायन



**भवनाथपुर :** वंदे मातरम् के 150 वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को नमामि भारतम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में मुख्य कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। कार्यक्रम में कुल 1753 प्रतिभागियों ने एक साथ राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने दीप जलाकर किया। उस मौके पर श्री शाही ने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक समय, एक लय, एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। विद्यालय की ओर से डीएवी टाउनशिप, प्राथमिक विद्यालय बंसानी, झगराखंड हाई स्कूल और प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर गंगा समग्र अभियान के अध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे।

## डॉ निधि कुमारी ने चिकित्सा क्षेत्र में हासिल की उल्लेखनीय सफलता



**मोहम्मदगंज :** प्रखंड के लिये गौरव की बात है कि मोहम्मदगंज निवासी स्वर्गीय कृष्ण बिहारी सिंह की पोती व अभय सिंह की पुत्री डॉ निधि कुमारी ने चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने नीट-पीजी 2026 में ऑल इंडिया रैंक 801 प्राप्त करने के साथ ही संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की कंबाइंड मेडिकल सर्विस एग्जामिनेशन (सीएमसी) 2026 की लिखित परीक्षा भी क्वालीफाई की है। निधि कुमारी का पालन-पोषण जमशेदपुर में हुआ, जहां से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने रिम्स रांची से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनकी इस दोहरी उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ मोहम्मदगंज क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। नीट-पीजी में शानदार रैंक हासिल करने के बाद निधि का मुख्य लक्ष्य स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर एमडी पेडीट्रिक्स (बाल रोग) करना है। इसके लिये वह दिल्ली के प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेजों एमएएमसी, एलएचएमसी, यूसीएमसी और भीएमएमसी सहित आईएमएस बीएचयू वाराणसी जैसे संस्थानों में प्रवेश का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। वहीं यूपीएससी सीएमसी 2026 की लिखित परीक्षा में सफलता भी उनकी उपलब्धियों में जुड़ गई है। यूपीएससी की जारी लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची में निधि कुमारी का नाम दर्ज है। हालांकि उनका प्राथमिक लक्ष्य सरकारी सेवा में जाने के बजाय फिलहाल पीजी की पढ़ाई कर विशेषज्ञ चिकित्सक बनना है। डॉ निधि की सफलता पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और मोहम्मदगंज क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में उत्साह के साथ मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस, विद्यार्थियों ने रखे विचार

# फार्मासिस्ट स्वास्थ्य की मजबूत कड़ी : डॉ विकास

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था में फार्मासिस्टों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ विकास कुमार मिश्रा ने कहा कि दवाओं के सुरक्षित एवं उचित उपयोग को सुनिश्चित करने, मरीजों को दवाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने




तथा बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ करना चाहिये। इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम स्वस्थ भविष्य के लिये फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना रखी गई है। कार्यक्रम में इस थीम के महत्व पर भी चर्चा की गई तथा फामेर्सी के क्षेत्र में बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने पर जोर दिया गया। कॉलेज के निदेशक लव कुमार ने कहा कि फामेर्सी के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील एवं सेवा भाव से जुड़ा स्वास्थ्य पेशेवर बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं मरीजों के हित में करने का आह्वान किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी फार्मासिस्ट दिवस के महत्व तथा स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों की भूमिका पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में निदेशक लव कुमार, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## आलिया भट्ट के 'लव एंड वॉर' लुक ने मचाई धूम, दो पोस्टर्स आए सामने

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। रणबीर कपूर के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म से आलिया भट्ट की दो झलकियां सामने आई हैं। पोस्टर्स में आलिया बेहद ग्लैमरस और अब तक के अपने अंदाज से बिल्कुल अलग अवतार में नजर आ रही हैं। उनका लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। पोस्टर में आलिया कुर्सी पर बैठी दिखाई दे रही हैं। उन्होंने आकर्षक स्लिट स्कर्ट के साथ स्टाइलिश हेडपीस पहना है। रेट्रो अंदाज वाले बैकग्राउंड के बीच उनका कॉन्फिडेंट पोज कैबरे-स्टाइल ग्लैमर, सेंशुअलिटी और ओल्ड-स्कूल चार्म का एहसास कराता है। आलिया ने इस बिल्कुल नए लुक को बेहद आत्मविश्वास के साथ पेश किया है, जिससे फिल्म में उनके किरदार को लेकर दर्शकों की जिज्ञासा और बढ़ गई है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों में प्रेम और भव्यता का खास मेल देखने को मिलता है और 'लव एंड वॉर' के पोस्टर्स भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 21 जनवरी 2027 को दुनियाभर में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## कोमल रानी के साथ अफेयर की खबरों पर भड़के गोविंदा



**मुंबई।** लालबागचा राजा के दर्शन के दौरान अभिनेत्री कोमल रानी स्वर्णकार के साथ नजर आने के बाद अभिनेता गोविंदा ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चल रही चचाओं पर प्रतिक्रिया दी है। पत्नी सुनीता आहूजा के अकेले बप्पा के दर्शन करने के कुछ घंटे बाद गोविंदा को कोमल के साथ देखा गया था, जिसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगने लगीं। गोविंदा ने इन चचाओं को खारिज करते हुए इसे उनकी छवि खराब करने और परिवार से दूर करने की सोची-समझी योजना बताया। मीडिया से बातचीत में गोविंदा ने कहा कि इसमें किसी की गलती नहीं है और ऐसी चीजें आगे भी देखने को मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपने काम पर ध्यान देते रहे हैं और कोमल के साथ उनका रिश्ता पेशेवर है। अभिनेता के मुताबिक, वह अपनी फिल्म 'रूपा' के लिए प्रार्थना करने लालबागचा राजा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वह करिश्मा कपूर और रवीना टंडन के साथ मंदिरों में दर्शन कर चुके हैं और उन फिल्मों के लिए यह अनुभव शुभ रहा था। इसी वजह से लंबे समय बाद फिल्म पर काम शुरू करने के दौरान उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया। गोविंदा और कोमल के साथ नजर आने के बाद यह मामला तब और चर्चा में आ गया, जब सुनीता आहूजा को एयरपोर्ट पर पैपराजी से बातचीत करते देखा गया। सुनीता ने कहा, जानवरों से प्यार करो, इंसानों से नहीं। इंसान धोखेबाज होते हैं। इससे पहले भी वह गोविंदा और कोमल की नजदीकियों पर टिप्पणी कर चुकी हैं। वहीं गोविंदा का कहना है कि कम उम्र की अभिनेत्रियों के साथ काम करना फिल्म उद्योग में सामान्य बात है और कुछ लोग सुनीता को भड़काकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## नेपाल के कोसी बैराज में बढ़ा पानी का बहाव, 31 फाटक खोले गए, रेड अलर्ट जारी




### शंभू, गोपाल, अशोक, कामेश्वर समेत कई व्यवसायियों के मैदान में उतरने की संभावना तेज

# चेंबर चुनाव की सरगर्मी बढ़ी, नामांकन पत्रों की बिक्री आज से

**नीलू चौबे**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र अक्टूबर 26 से सितंबर 2028 के लिये होने वाले चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। 26 सितंबर से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची से संबद्ध होने एवं तीन वर्षों के बाद चुनाव होने के कारण चेंबर का चुनाव इस बार बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। खास बात यह है कि इस बार का चुनाव सीधे अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों का नहीं बल्कि इस बार चुनाव प्रक्रिया के जरिये 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जायेगा, इसके बाद चुने गये कार्यकारिणी सदस्य ही अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य




पदाधिकारियों का चयन करेंगे। वहीं चुनाव में मतदाताओं को भी एक वोट के बदले गयारह वोट देने का अवसर मिलेगा। चुनाव में कार्यकारी चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, व्यवसायी अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, राहुल जायसवाल उर्फ मिक्की, राजन सोनी, वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू समेत कई नामचीन व्यवसायियों के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना बढ़ गई है। वैसे लोग चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही अंदर ही अंदर अपनी गोटी सेट करने एवं वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने में लगे हुये हैं। तीन वर्षों बाद हो रहे इस बार के चुनाव में कार्यकारी शंभूनाथ सौदागर को अपनी कुर्सी बचाने की चुनौती है। अब देखना है कि चुनाव में शंभूनाथ सौदागर अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो पाते हैं या फिर दूसरे व्यवसायी के सिर चेंबर अध्यक्ष का ताज सजेगा यह आगामी 7 अक्टूबर को ही पता चलेगा।

### चुनाव की मुख्य बातें

- ■ 26 व 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी नामांकन पत्रों की बिक्री
- ■ 28 सितंबर को शाम 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा प्रत्याशियों का नामांकन
- ■ 29 सितंबर को होगी नाम वापसी
- ■ 30 सितंबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच, चुनाव चिन्ह का आवंटन व मतदाता सूची का वितरण
- ■ 1 से 5 अक्टूबर तक प्रत्याशी करेंगे चुनाव प्रचार
- ■ 7 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक होगा मतदान एवं चुनाव के बाद घोषित किया जायेगा परिणाम

## चापानल को बिना चलाये उससे लगातार पानी निकलना बना कौतूहल का विषय

**अभिषेक पांडेय**



**कांडी :** प्रखंड अंतर्गत मोखापी मोड़ के समीप लगा एक चापानल इनदिनों लोगों के लिये कौतूहल का विषय बना हुआ है। खास बात यह है कि इस चापानल को चलाने की जरूरत नहीं पड़ती, इससे लगातार पानी निकलता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार आषाढ़ मास से लेकर कार्तिक मास तक हर वर्ष चापानल से इसी तरह पानी निकलता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि चापानल से निकलने वाला पानी अपने आप बहते रहता है और नीचे जमा होकर आसपास की जमीन को भी गीला रखता है। बारिश के मौसम में पानी का बहाव और बढ़ जाता है। बिना हैंडल चलाये पानी निकलते देख यहां से गुजरने वाले लोग भी कुछ देर रुककर इसे देखते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति कई वर्षों से देखने को मिल रही है। हालांकि चापानल से इस तरह अपने आप पानी निकलने के पीछे क्या कारण है, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। लोगों के बीच इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं भी होती रहती हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश और भूजल स्तर बढ़ने के साथ चापानल में पानी का दबाव बढ़ जाता है, जिसके कारण पानी स्वतः बाहर निकलने लगता है।

## तीन बाईकों की टक्कर, दो घायल- एक की हालत गंभीर



**उंटारी रोड :** थाना क्षेत्र के कुल्ही मोड़ पर शुक्रवार को करीब साढ़े तीन बजे तीन बाईकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में एक युवक का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि दूसरे का पैर टूटकर लहूलुहान हो गया है। तीसरे बाईक सवार को मामूली चोटें आईं और वह घटना के बाद बाईक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों घायलों सीआरपी अरविंद सिंह (50) एवं बुधन चौधरी (35) को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। अरविंद सिंह भजनियां गांव के एवं बुधन चौधरी मुरमा खुर्द के रहने वाले हैं। उधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी संतोष गिरी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की तथा क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को थाना ले आये।

## बाईक पेड़ से टकराई, किशोर की मौत, दो घायल

**मोहम्मदगंज :** थाना क्षेत्र के लटपौरी दुर्गा मंडप के समीप मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर गुरुवार की देर शाम अनियंत्रित बाईक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाईक सवार अमही गांव निवासी सुजीत मेहता की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।जानकारी के अनुसार एक बाईक पर सवार तीन युवक मोहम्मदगंज से अपने घर लौट रहे थे। लटपौरी के समीप बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में सुजीत मेहता, मंदीप यादव (पिता रूपन यादव, ग्राम डंडिला, हुसैनाबाद) और मंटू कुमार चंद्रवंशी (अमही) घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सुजीत मेहता को मृत घोषित कर दिया। मंदीप यादव के सिर में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर किया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिये उसे रांची रिम्स भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं मंटू कुमार चंद्रवंशी का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पलायन की भेंट चढ़ा एक और युवक, चेन्नई में हुआ मौत



**धुरकी :** थाना क्षेत्र के गनियारी कला निवासी 35 वर्षीय ललन भुईयां की मौत घर लौटने के क्रम में ट्रेन में हो गई। ललन का चेन्नई में ही तबियत खराब हो गया था ठेकेदार से इलाज कराने अथवा घर भेजने के लिये कहते रहा लेकिन ठेकेदार ने उसके बात को अनसुना कर दिया। नतीजा उसकी स्थिति गंभीर होने लगी। स्थिति को गंभीर होता देख ठेकेदार ने उसे घर जाने को कहा। उसके साथ गये कुछ लोग उसे लेकर ट्रेन से घर आ रहे थे, इसी दौरान ट्रेन में ही उसकी मौत हो गई।

## कोयल नदी में डूबे पांचवें किशोर का मिला शव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के दुल्ही गांव में कोयल नदी घाट पर करमा पूजा विसर्जन के दौरान कोयल नदी में डूबे पांच लड़कों में से पांचवें का शव 48 घंटों के बाद बरामद कर लिया गया है। 10 साल के हेमंत कुमार सिंह का शव शुक्रवार सुबह घटनास्थल से करीब 07 किलोमीटर दूर गढ़वा जिले के बेलचंपा के पास कोयल नदी से मिला। शव मिलने की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को करम डाली विसर्जित करते समय पतरिया गांव के पांच लड़के कोयल नदी के तेज धार में डूब गए थे। चार का शव घटना के दो घंटे के भीतर बरामद कर ली गयी थी। हेमंत का शव नहीं मिला था। पुलिस, स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन उनकी तलाश में लगे थे। नदी की तेज धार और गहराई के कारण तलाश में दिक्कतें आ रही थीं। जिला प्रशासन ने हेमंत का शव तलाशने के लिए पटना से एनडीआरएफ की टीम बुलाई थी। गुरुवार दोपहर एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम पतरिया गांव पहुंची और नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक शव नहीं मिला। शुक्रवार सुबह बेलचंपा के पास नदी में हेमंत का शव मिलने की जानकारी स्थानीय लोगों से मिली। कोयल नदी घाट पर गत बुधवार की सुबह करीब 6.30 बजे करमा विसर्जन के दौरान एक नाबालिग गहरे पानी में चला गया था। उसे बचाने के लिए चार युवक नदी में उतरे, पर तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण पांचों डूब गए। मृतकों में हेमंत के अलावा अमित कुमार ठाकुर (20), विशाल कुमार पासवान (16), आदर्श सिंह राजा (12) और नीतीश कुमार सिंह (20) शामिल हैं।

### पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य मंदिर का शिलान्यास

# सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू, क्षेत्र के श्रद्धालुओं में हर्ष

**बंशीधर न्यूज**



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित गंगा तालाब छठ घाट परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक सूर्य मंदिर निर्माण का कार्य समिति एवं ग्रामवासियों के निर्णय के पश्चात औपचारिक रूप से शुरू हो गया है।

मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ होने से रमना प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं और आम ग्रामीणों के बीच काफी हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि विगत 5 अप्रैल 2026 को समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा गंगा तालाब परिसर में पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य मंदिर का शिलान्यास किया गया था। शिलान्यास के पश्चात तय योजना के अनुसार अब निर्माण कार्य को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों और छठ पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि गंगा तालाब परिसर में सूर्य मंदिर का निर्माण होने से न केवल श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिये एक पवित्र और व्यवस्थित स्थान मिलेगा, बल्कि छठ पर्व के दौरान दूर-दराज से आने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। निर्माण कार्य को समय पर और भव्यता के साथ पूरा करने के लिये समिति एवं ग्रामवासी एकजुट होकर तत्पर हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)